हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 19 मई 2024
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

4 दशकों पुरानी जर्जर विद्युत लाइन से मिलेगी मुक्ति, शासन से मिली 2 करोड़ की स्वीकृति






### मध्यप्रदेश के ब्यौहारी से हुई गिरफ्तारी, ट्रेन से भागने की फिराक में था

# पत्रकार की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

पत्रकार की हत्या के मुख्य आरोपी को एमसीबी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ट्रेन के जरिए भागने के फिराक में रहा, जिसकी गिरफ्तारी एमपी के ब्यौहारी से की गई है। कोतवाली पुलिस ने पत्रकार रईस अहमद हत्याकांड के मुख्य आरोपी मो. आरजू को मध्यप्रदेश के ब्यौहारी से उस समय गिरफ्तार किया, जब वह ट्रेन में चढ़कर कहीं भागने की फिराक में था।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त किए गए चाकू बोरीडांड़ के पास से बरामद किया है। आज युवक को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ,जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि मोहम्मद रईस हत्याकांड के मामले का खुलासा 17 मई को एडिशनल एसपी अशोक वाडेगांवकर ने प्रेसवार्ता के दौरान किया था।

इस मामले में मृतक की पत्नी को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मृतक की पत्नी के बयान के आधार पर कोतवाली पुलिस ने झारखंड़ के गढ़वा तक आरोपी का पीछा किया। इस दौरान आरोपी पुलिस से बचने की फिराक में मध्यप्रदेश के व्यवहारी तक पहुंच गया और वहां से आगे भागने की फिराक में था, लेकिन वह पुलिस से बच नहीं पाया। इस मामले का एक दूसरा आरोपी मो. खुशी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, इसे पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। प्रेसवार्ता के दौरान एसडीओपी ए टोप्पो, कोतवाली प्रभारी अमित कश्यप मौजूद रहे।


पुलिस गिरफ्त में मुख्य आरोपी।

#### आरोपी पत्नी की पहले हो चुकी है गिरफ्तारी

आरोपिया सफीना खातून पति मरहूम रईस अहमद उम्र 21 वर्ष निवासी मौहारपारा से घटना में प्रयुक्त मोबाइल जब्त कर आरोपिया के विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। प्रकरण में धारा 201,120 (बी), 34 भा.द.सं. जोड़ी गई है।

#### घर के पास मिला खून से लथपथ गमच्छा

पुलिस जांच में पता चला था कि रईस अहमद पिछले करीब एक माह से चनवारीडांड़ में किराए के मकान में अपनी पत्नी एवं तीन साल की बेटी के साथ रहता था। उसका शव घर से करीब 200 मीटर दूरी पर मिला था। मकान के पास खून से लथपथ एक गमच्छा भी मिला था।


मामले का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक सूरज परिहार।

## चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- कोरिया पुलिस ने किया चोरी के पांच मामलों का खुलासा

अलग-अलग चोरी के पांच मामलों का खुलासा कोरिया पुलिस ने किया है। 18 मई को पुलिस लाइन स्थित कांफ्रेस हाल में पुलिस कप्तान सूरज परिहार ने मामले का खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि 13 मई को प्रार्थी हरिराम पिता बुढ़न साय, श्रीमती कविता मिंज पति मोहर साय मिंज एवं श्रीमती विश्वासी पति धरमसाय टोप्पो सभी निवासी विराट नगर पण्डोपारा के द्वारा पृथक-पृथक रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 12 एवं 13 मई की मध्यरात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा प्रार्थिया श्रीमती कविता मिंज के यहां सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर बेडरूम में लेडिज बैग में रखे 500 रुपए नगद, पैन कार्ड, आधार कार्ड, अन्य दस्तावेज तथा टिफिन, प्रार्थी हरिराम के यहां से सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर 3000 रुपए नगद चोरी कर एवं घर में रखे बक्शा एवं दस्तावेजों को बाहर निकालकर फेंक दिए हैं। इसी तरह प्रार्थिया विश्वासी के यहां सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर 3 नग साड़ी चोरी कर लिए हैं। प्रार्थी कृपाशंकर तिवारी पिता शेषमणी तिवारी निवासी ग्राम खैरी थाना पटना के यहां से 16 मई की मध्य रात्रि मोटर सायकल चोरी कर लिए हैं। उपरोक्त चोरियों के प्रकरण से तत्काल पुलिस अधीक्षक को अगवत कराया गया, इस पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के द्वारा चोरी के मशरुका बहुत छोटे होने के बावजूद फ्री एंड फेयर रजिस्ट्रेशन ऑफ क्राइम के तहत मामला पंजीबद्ध करने के निर्देश दिए। साइबर सेल प्रभारी की एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस पर थाना पटना में अपराध क्रमांक 128/24, 129/24, 130/24 एवं 132/24 धारा 457, 380, भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल के सीसीटीव्ही फुटेज, अन्य तकनीकी जानकारी एवं मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी।

17 मई को मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी राकेश भारती उर्फ संजू पिता स्व. बैजनाथ भारती उम्र 42 वर्ष निवासी कोचिला थाना पटना को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि 12 एवं 13 मई की रात में अपने 2 अन्य साथियों के साथ मिलकर पण्डोपारा में जाकर विराट नगर कालोनी में सेंधमारी कर चोरी किए हैं। चोरी के सामान को आपस में बांट लिए और 16 मई को ग्राम खैरी से एक मोटर सायकल भी चोरी किया हूं, जो अपने घर में छुपाकर रखा हूं। आरोपी राकेश भारती के निशानदेही पर चोरी की गई मोटर सायकल को बरामद किया गया है एवं पण्डोपारा कालोनी से चोरी किया गया मशरूका 1500 रूपए नगद, 1 नग साड़ी, 1 पेचकस एवं सब्बल बरामद ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर परिसर के झाड़ियों में लगी आग



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टेट परिसर में झाड़ियों के बीच अचानक आग लगने की खबर के बाद तत्काल इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई, इसके बाद मौके पर दमकल वाहन पहुंच कर आग को तत्काल बुझा दिया । इस घटना में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार 18 मई को दोपहर के समय कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित भवन जिसमें ईव्हीएम रखा जाता है, उसके पीछे झाड़ियों में अचानक आग लग थी, जिसकी जानकारी होने पर तत्काल अग्निशमन विभाग का दी गई, इसके तत्काल बाद मौके पर अग्निशमन वाहन पहुंचा और आग को बुझा लिया गया। आग ईव्हीएम रखे जाने वाले भवन के दीवार तक पहुंच गई थी, जिसे समय रहते बुझा लिया गया।

### पटवारी से मारपीट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**चांदो।** कार्यालय में घुसकर पटवारी से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन सगे भाइयों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांदो तहसील कार्यालय में पदस्थ पटवारी केशलाल पंडो 15 मई को अपने कार्यालय में बैठकर काम कर रहा था। इस दौरान ग्राम कुरडीह निवासी हिदायतुल्लाह, जबीउल्लाह, नईम अंसारी व फैजुल अंसारी वहां भूमि बटवारा के काम से पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पटवारी से भूमि बंटवारा करने को कहा तो पटवारी ने विधिवत प्रक्रिया के तहत काम करने की बात कही जिसके बाद चारों ने मिलकर पटवारी से गाली गलौज कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। पटवारी द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### उधार का पैसा मांगने पर युवक की पिटाई

**अम्बिकापुर।** त्रिकुण्डा अंतर्गत धमनी कृष्ण नगर निवासी संतोष पाल आ. स्व. नंदुपाल (22 वर्ष) सुभाष नगर स्थित कॉलोनी किराए के मकान में रहता है। कुछ दिन पूर्व सौरभ सिंह को उधार में पैसा दिया था। संतोष ने सौरभ से उधार का पैसा मांगा तो सौरभ ने पटेलपारा खेत के पास पैसा देने के लिए बुलाया। संतोष खेत के समीप सौरभ का इंतजार करने लगा तभी सौरभ अपने दोस्त प्रिंस सोनी, सुनिल के साथ मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई।

### चोरों ने घर के सामने से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम जमदेई निवासी राम अवतार सिरदार आ. देव साय (54 वर्ष) बुधवार को ग्राम लैंगा अपने रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने बाइक क्रमांक सीजी 15 सीडब्ल्यू 1217 से गया था। ग्रामीण ने बाइक को रिश्तेदार के घर के सामने खड़ा कर शादी कार्यक्रम में चला गया और कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नही चला तो घटना की रिपोर्ट उदयपुर थाने में दर्ज कराई।



## ग्रीष्मकाल में परिषद ने की प्याऊ की व्यवस्था

**मनेन्द्रगढ़।** गर्मी में राहगीरों एवं नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए नागरिकों को सुविधा के लिए नगरीय प्रशासन के वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश पर नगर परिषद डूमरकछार द्वारा नगर के विभिन्न चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है।

ग्रीष्मकाल के इस मौसम में पेयजल की महती आवश्यकता होती है। पेयजल के जरूरत में नगर में आने वाले राहगीरों एवं लोगों को पीने के पानी के लिए यहां-वहां परेशान होना पड़ता था तब प्यास बुझती थी। इन्हीं सब परेशानी को देखते हुए परिषद ने नगर में प्याउ की व्यवस्था विगत माह से की गई है। सार्वजनिक प्याउ की व्यवस्था हो जाने से नगरवासी व राहगीरों को ठंडा पेयजल का लाभ प्राप्त हो रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि नगर परिषद के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर ⏭ शेष पेज 4 पर

## जर्जर चीरघर, नहीं है कोई सुविधा, दुःख की घड़ी में परेशान होते हैं परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में जर्जर चीरघर और वहां किसी प्रकार की सुविधा नहीं होने के कारण मृतक के परिजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर स्थानीय निवासियों के द्वारा यहां के जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से कई बार एक शेड निर्माण कराने की मांग की गई, मगर आज तक किसी के कानों में जूं तक नहीं रेंगी।

आलम यह है कि जिस किसी के परिवार के व्यक्ति की दुर्घटना या अन्य ऐसी मौत होती है ,जिसमें पोस्टमार्टम आवश्यक होता है, ऐसी स्थिति में वहां जाने वाले परिजन को तपती धूप हो, ठंड हो या फिर बरसात का मौसम हो लोगों को खुले आसमान में खड़े रहना पड़ता है, या फिर वहां की झाड़ियों में शरण लेना पड़ता है।



#### चोरों ने दरवाजा-खिड़की तक कर दिया पार-

वहीं जो जर्जर चीरघर है, उसमें भी लगे दरवाजे और खिड़की को चोरों के द्वारा चोरी कर ली है, जिससे चीरघर के भीतर हो रही कार्रवाई को अनचाहे लोग भी देख लेते हैं। इस परेशानी को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ के कुछ डॉक्टर स्टाफ ने यहां अपने खर्चे से अस्थाई शेड लगवाने की कोशिश की, मगर शेड निर्माण होने से पहले ही वहां लगे लोहे को चोर गिरोह ने चोरी कर लिया। अब देखना होगा कि शासन-प्रशासन की नजर इस परेशानी पर कब पड़ती है।

## कैंप से बच्चों का होता है शारीरिक और मानसिक विकास

### बच्चे ले रहे कैंप का लाभ


कैंप में शामिल बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

विद्यालय जीवन में हमेशा से छात्रों का भविष्य संवारने के लिए गाय ज्ञानमायी पाठयक्रर्म को जोड़ा जाता है। इससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके और यह हर अभिभावक का भी सपना होता है कि बच्चे कुछ बनकर दिखाए। मगर शारीरिक और मानसिक गतिविधियों का संचालन भी भविष्य संवारने में मददगार होते हैं, जिसे देखहर विद्यालय को खेलकूद, चित्रकला, नाटक आदि चीजों का आयोजन करते रहना चाहिए।

इसी तर्ज पर जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा-निर्देश पर चित्ताझोर पोंड़ी के विद्यालय में विभिन्न कौशल इसमें डांसिंग, आर्ट व क्राफ्ट, ड्राइंग व कई खेलों को शामिल कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधान पाठक फारुख अहमद ने बताया कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों का शारीरिक और मानसिक का विकास होता है, जो पढ़ाई के साथ -साथ इसका होना बेहद जरूरी है, इसलिए कैंप का आयोजन किया गया है तथा बच्चे कैंप का लाभ लेने आ रहे हैं।

### विद्यार्थियों के लिए योग समर कैंप का आयोजन 20 से

**मनेन्द्रगढ़।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों के शारीरिक सौष्ठव एवं सकारात्मक चिंतन के लिए योग एवं प्राणायाम की निःशुल्क योग कक्षा का संचालन सरस्वती शिशु मंदिर के खेल प्रांगण में प्रातःकालीन सत्र में प्रातः 6 बजे से किया जाएगा। इस समर योग कैंप का संचालन वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय के द्वारा किया जाएगा। योग सत्र 15 जून तक विद्यार्थियों शिक्षकों के लिए पृथक-पृथक संचालित किया जाएगा। योग का प्रथम बैच 20 मई से प्रारंभ किया जाएगा, इसके लिए इच्छुक विद्यार्थी अपना पंजीयन योग कैम्प स्थल पर उपस्थित होकर करा सकते हैं। योग का संपूर्ण पैकेज स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जारी योग शिक्षा के अनुरूप प्रदान किया जाएगा। 15 जून तक संचालित होने वाले योग एवं प्राणायाम में सूर्य नमस्कार के 12 आसन, भस्त्रिका, कपालभाति, उदगीथ भ्रामरी एवं योग के साथ सूक्ष्म व्यायाम, उत्तानपादासन, नौकासान, पवनमुक्तासन, मंडूकासन जैसे प्रमुख आसनों का अभ्यास कराया जाएगा। शिविर संचालक सदिश उपाध्याय ने सयोग प्राणायाम प्रारंभ होने के 10 मिनट पूर्व योग स्थल पर खाली पेट उपस्थित होने के लिए निर्देशित करें।

## आधे दाम पर वाहन फाइनेंस कराने का झांसा देकर ठगी, गिरोह पकड़ा गया

**अंबिकापुर।** लोगों को आधे रकम में वाहन फाइनेंस करने और फिर ठगी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि मुख्य आरोपी को पूर्व में ही पकड़ा गया था।

आरोपियों ने महिला को कंपनी से पिकअप वाहन फाइनेंस कराया गया और फिर डेढ़ साल बाद पिकअप वाहन का किस्त भुगतान करना बंद कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने 10 हजार रुपए प्रति ग्राहक की लालच में आकर ठगी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुसमी चिरपैनपारा निवासी कलाम व अन्य संचालकों द्वारा खैरबार में ड्रीम आरके ट्रेडिंग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी संचालित की जाती है और कंपनी के माध्यम से वाहन फाइनेंस कराया जाता है। ग्राहकों से वाहन के मूल्य का आधा पैसा लेकर वाहन फाइनेंस कराकर शेष रकम कलाम व अन्य संचालकों द्वारा भुगतान किया जाता था। पुलिस के अनुसार फोकटपारा इंद्रानगर निवासी अनिमा बड़ा को भी कलाम व अन्य संचालकों द्वारा ड्रीम आरके प्राइवेट लिमिटड कंपनी से 9 लाख 75 हजार रुपए कीमत का पिकअप वाहन फाइनेंस कराया गया था। कंपनी की पॉलिसी के अनुसार महिला ने फाइनेंस के दौरान ढाई लाख रुपए



नगद कंपनी में व 2 लाख 85 हजार रुपए कलाम व अन्य संचालकों को दिया गया। फाइनेंस के दौरान महिला को बताया गया था कि उसे अब पिकअप वाहन के किस्त का भुगतान नहीं करना है और किस्त का भुगतान फाइनेंस कंपनी के माध्यम से किया जाएगा। इस दौरान आरोपियों ने महिला को चेक भी प्रदान किया था लेकिन डेढ़ साल बाद संचालकों ने पिकअप वाहन का किस्त भुगतान करना बंद कर दिया गया जिसके बाद महिला को ठगी का शेष पेज 4 पर एहसास हुआ। महिला ने अपने साथ 2 लाख रुपए के ठगी की शिकायत पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस के मुख्य आरोपी कलाम को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की तो उसने अपने एजेंट के माध्यम से ग्राहकों को लुभावने बातों में फंसाकर लोन फाइनेंस कराने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में अब बतौली बिलासपुर हाल मुकाम फुंदुरडिहारी बिचपारा निवासी 37 वर्षीय विनोद कुमार खलखो, खैरबार निवासी 39 वर्षीय सागर बा, 35 वर्षीय मनोज मोहन खलखो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने कंपनी के लिए प्रति ग्राहक 10 हजार रुपए का कमीशन मिलने की लालच में आकर भोले भाले लोगों को ठगी का शिकार बनाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों को 420, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, एसआई अखिलेश सिंह, प्रधान आरक्षक सियाराम मरावी, अमित प्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

### अधिकारी-कर्मचारियों की ड्रिल, वेशभूषा एवं अनुशासन का किया निरीक्षण

# एसपी ने किया जनरल परेड का निरीक्षण, 14 कर्मचारी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एसपी सूरज सिंह परिहार शुक्रवार की सुबह पुलिस लाईन में जनरल परेड लिया गया। इसमें उप पुलिस अधीक्षक श्याम लाल मधुकर, राजेश साहू, नेलशन कुजूर, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रविकांत सहारे, रक्षित निरीक्षक नितीश आरक्षक नायर, यातायात प्रभारी विपुल आनंद जांगड़े, बचरापोड़ी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश तिवारी, उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ, यातायात एवं पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए। परेड निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम रक्षित निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक श्री परिहार को सलामी दी और मंच से गुजरते हुए मार्च पास्ट किया गया।





इसके पश्चात एसपी द्वारा टुकड़ी वार सभी अधिकारी-कर्मचारी के वर्दी, अनुशासन और परेड ज्ञान की जांच की गई। इसमें उत्तम दर्जे की वेशभूषा, ड्रिल व अनुशासन में दिखे प्रधान आरक्षक अनिल विजय लकड़ा, आनंद टोप्पो, मुखदेव सिंह, आरक्षक हुकुम श्रीवास, शशिभूषण मिश्रा, अंकित सोनवानी, प्रदीप तिर्की, संतलाल, राकेश मिश्रा, सुनील मरावी, महिला आरक्षक लक्ष्मी दोहरे, उषा सिंह, सुमन सिंह एवं डॉग मास्टर संजीव गोयल को ईनाम देकर प्रोत्साहित किए। लॉ एंड ऑर्डर में काम आने वाले टोलीवार स्क्वॉड ड्रील कराया गया। इस दौरान शासकीय वाहनों और वाहन चालकों का निरीक्षण भी किया गया। इसमें उचित मरम्मत, ड्राइवर डायरी, टूल्स और वाहन का निरीक्षण किया गया एवं बेहतर रख -रखाव के लिए दिशा-निर्देश भी आरआई और एमटीओ को दिए गए। परेड पश्चात पुलिस एसपी ने पुलिस कर्मचारियों की ओआर पेशी ली और गुजारिश सुनी। छोटी गलती, अनुपस्थिति, अनुशासनहीनता जैसे प्रकरण का तत्काल निराकरण के लिए आरक्षक और प्रधान आरक्षक का ओआर पेशी में पेश कर प्रकरण का निराकरण किया गया और कर्मचारियों की गुजारिश सुनकर समस्या का निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है। एसपी श्री परिहार ने जिले के समस्त थाना, चौकी, ऑफिस, पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारियों को रोस्टरवार अनिवार्य रूप से सम्मिलित करने और परेड लगातार जारी रखने के लिए निर्देश दिए है, इससे पुलिस का विभागीय अनुशासन और बेहतर किया जा सके।



### अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण 26 से

**अम्बिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतगणना से संबंधित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण निर्धारित तिथि एवं स्थल पर नियत समय में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत 26 मई को होगी। प्रथम दिवस 26 मई को प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में सरगुजा संसदीय क्षेत्र हेतु संभाग स्तरीय मतगणना प्रशिक्षण आयोजित है, जिसमें समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 28 मई को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में मतगणना प्रथम चरण प्रशिक्षण आयोजित है जिसमें समस्त गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं अन्य को प्रशिक्षण दिया जाना है। इसी प्रकार 29 मई प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित है जिसमें सभी माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 2 जून को प्रातः 11 बजे जिपं सभाकक्ष में मतगणना द्वितीय चरण प्रशिक्षण आयोजित है।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# इन सितारों ने की परदे के लंगूरों की कमाल एक्टिंग

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म 'द किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' पूरी दुनिया मे रिलीज हो चुकी है। कहानी का आधार वही 'प्लैनट ऑफ द एप्स' है जिसे पहली बार परदे पर 1968 में उतारा गया था। हालांकि तब कहानी एक ऐसे ग्रह पर पहुंचे इंसानों की थी, जहां वानर राज कायम है। फिर इस कहानी में तब्दीलियां हुई। इसे धरती पर ही इंसानों के बनाए विषाणु से जोड़ा गया। पिछली तीन फिल्में इस सीरीज की सुपरहिट रहीं। 'राइज', 'डान' और 'वॉर' के आखिर में सीजर की मौत के बाद अब इस फ्रेंचाइजी ने नई करवट ली है। तीन नई फिल्मों में एक नई कहानी दिखाने की शुरुआत फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' से हो चुकी है, ये इस रीबूट वर्जन ट्रायलॉजी की पहली फिल्म है। फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' की कहानी दिलचस्प है। जब ये मान लिया गया है कि धरती से इंसानों का विनाश हो चुका है और यहां हर तरफ फैल चुके लंगूरों ने आपस में ही भिड़ना शुरू कर दिया है तो एक नया अध्याय शुरू होता है। लंगूरों के ईगल कुनबे का शहजादा नोआ इस इतिहास की नई कहानी लिखता है और इस संघर्ष में उसका साथ देते हैं उसके दो दोस्त, उसकी मां, एक बुजुर्ग दोस्त और एक इंसानी युवती। लेकिन, इन किरदारों को निभाने वाले कलाकारों के बारे में विस्तार से जानने से पहले आपको ये बताना जरूरी है कि ये फिल्में बनती कैसे हैं। ये तकनीक मोशन कैप्चर फिल्म मेकिंग कहलाती है और इस तकनीक पर ही 'अवतार', 'किंग कॉन्ग' और 'बैटल एंजिल' जैसी फिल्में बनी हैं। मार्वल की एवेंजर्स सीरीज का विलेन थानोस भी ऐसे ही रचा गया था। एंडी सरकिस ने ही 2005 में रिलीज फिल्म 'किंग कॉन्ग' में शीर्षक किरदार की एक्टिंग की थी। अब बात करते हैं फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' की। इस फिल्म का हीरो है ईगल कुनबे के सरदार का बेटा नोआ। नोआ एक ऐसा किरदार है जो मासूम भी है और जरूरत पड़ने पर वह सख्त भी हो जाता है।

## टॉलीवुड

# प्रभास की एक क्रिप्टिक पोस्ट के बाद शुरू हुई शादी की चर्चा

सुपरस्टार प्रभास ने कुछ देर पहले ही इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट ने लोगों के बीच कंफ्यूजन बढ़ा दी है। इस पोस्ट ने प्रभास की शादी की चर्चा को हवा दी है। प्रभास ने इस पोस्ट में बताया है कि उनकी जिंदगी में किसी खास शख्स की एंट्री हो चुकी है। उस खास शख्स को डार्लिंग्स बता रहे हैं। उनकी इंस्टा स्टोरी को उनके फैन पेज ने जैसे ही प्रभास की पोस्ट को शेयर किया, फैंस ने उनकी गर्लफ्रेंड और शादी के कयास लगाने शुरू कर दिया. उनकी ये पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। प्रभास ने अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'डार्लिंग्स आखिरकार, कोई बहुत खास हमारे लाइफ में एंट्री करने वाला है इंतज़ार करें चेयंडी।' फैंस एक्स पर यह समझने की कोशिश करने लगे कि प्रभास की इस पोस्ट का मलतब क्या है? प्रभास के फैंस ने कयास लगाना शुरू कर दिया कि वह जल्द ही अपनी शादी का ऐलान कर कते हैं। हालांकि, कुछ लोगों ने कयास लगाया कि प्रभास का यह पोस्ट उनकी अपकमिंग फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' से जुड़ी है। प्रभास के फैन ने इस पोस्ट को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा,"प्रभास आम तौर पर अपने पर्सनल इंटरेस्ट और चीदों को सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करते हैं, खासकर हाल के दिनों में. तो यह संभवतः हैशटैग 'कल्कि 2898 एडी' प्रमोशन या किसी अन्य फिल्म के लिए है!' पोस्ट में आगे लिखा गया, "हर कोई उनकी शादी की अनाउंसमेंट के बारे में खुशखबरी सुनना पसंद करेगा, लेकिन वह इससे जुड़ा अपडेट आगे देंगे." शादी को लेकर पिछले साल एक चैट शो में प्रभास ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि जब सलमान खान शादी कर लेंगे, उसके बाद शादी करेंगे. प्रभास को आखिरी बार फिल्म 'सालार' में देखा गया था। फिल्म ब्लॉकबस्टर हुई थी। इससे पहले आई उनकी मेगाबजट 'आदिपुरुष' बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। अब वह साइंस फिक्शन 'कल्कि 2898 एडी' में भैरव के किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म 27 जून को रिलीज होगी। इसमें दीपिका पादुकोण, दिशा पाटनी, अमिताभ बच्चन समेत कई बड़े स्टार्स हैं।



## भोजपुरी

# 'सास नंबरी बहू दस नंबरी' का ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में काजल राघवानी की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी अपकमिंग मूवी 'सास नंबरी बहू दस नंबरी' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है और रिलीज होते ही ये यूट्यूब पर छा गया है। इस फिल्म में आपको खूब सारे ड्रामे के साथ-साथ बहुत सारा इमोशंस भी देखने को मिलेगा, जो आपकी आंखों में आंसू ला देगा। 'सास नंबरी बहू दस नंबरी' भोजपुरी फिल्म में काजल राघवानी, रितेश उपाध्याय, किरण यादव, मनोज टाइगर, रिंकू भारती, स्वीटी सिंह राजपूत, राम नरेश श्रीवास्तव, जय प्रकाश सिंह, संगीता राय, प्रेम दुबे, पुष्पेंद्र राय, कुणाल कुमार, रागिनी यादव, संजू सोलंकी, रमजान खान ,अशोक गुप्ता, बबिता राय व अन्य सितारे हैं। 2 मिनट 50 सेकेंड के इस वीडियो को यूट्यूब पर अब तक 227,107 व्यूज मिल चुके हैं। इसमें दिखाया गया है कि सास अपनी बहू को बिल्कुल भी पसंद नहीं करती है, लेकिन अगर सास नंबरी है तो बहू दस नंबरी है। वो ऐसी चाल चलती है कि सासू मां के चारो खाने चित्त हो जाते हैं। पति उन्हें ही घर से निकाल बाहर करता है। इस मजेदार वीडियो को देखने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है।



# सोने के कांटों से सजा गाउन पहन कान्स पहुंची हसीना

लाइफ स्टाइल

*कान्स फिल्म फेस्टिवल में फ्रांस की एक हसीना ने अपने लुक से सबको हैरान कर दिया है। दरअसल, फ्रांस की आइरिस मित्तेनेरे सोने के कांटों से सजी आउटफिट पहनकर रेड कार्पेट पर पहुंचीं और अपनी अदाओं का ऐसा जादू चलाया कि हर कोई बस उन्हें देखता ही रह गया। उनका यह आउटफिट इतना यूनिक था कि वह आसानी से सबका ध्यान अपनी ओर खींचने में सफल हो गईं। आइरिस फेमस मॉडल और टीवी*



# चेहरे के लिए बेस्ट हैं ये आयुर्वेदिक ब्यूटी टिप्स

हम केमिकल वाले क्रीम पाउडर से लेकर लोशन और स्क्रब तक कई चीजों का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही जब भी सेहत की बात आती है तो हम कोशिश करते हैं कि आयुर्वेद को अपनाया जाए, तो फिर स्किन की देखभाल के लिए आयुर्वेदिक टिप्स क्यों नहीं? 'स्कूल ऑफ आयुर्वेदा एंड पंचकर्मा' के अनुसार आज हम आपको आयुर्वेद से जुड़ी ऐसी ही कुछ टिप्स के बारे में बताने वाले हैं, जो आपकी स्किन को ग्लो देने के साथ-साथ हेल्दी भी रखेंगी। इन टिप्स का सबसे अच्छा फायदा ये है कि इनसे किसी भी तरह के साइड इफेक्ट होने की संभावना नहीं होती है।

### आयुर्वेद के अनुसार ऐसा हो स्किन केयर रूटीन?

अगर आप अपनी स्किन को हेल्दी रखना चाहते हैं, जिसके लिए इन कुछ टिप्स को अपना सकते हैं। इन टिप्स को जानने से पहले आपको ये पता होना भी जरूरी है कि आपका स्किन टाइप कौन सा है। साथ ही रोज सुबह उठकर चेहरे को पानी से धोएं, इससे स्किन का एक्सफोलिएशन बढ़ेगा, त्वचा रिपेयर होने के साथ-साथ मॉइश्चराइज भी होगी।



### स्किन को रूखा न रखें

हम कई तरह के फेस वॉश और पैक का इस्तेमाल करते हैं जो कुछ हद तक हमारी स्किन से नमी को सोख लेते हैं, जिसकी वजह से त्वचा रूखी और खुरदरी नजर आने लगती है। इसलिए आयुर्वेद कहता है कि मॉइश्चराइजर की जगह मसाज करने और गर्म तेल से मसाज कर के अभ्यंग करने का अभ्यास करें। इसे सर्कुलेशन मोशन करें। ये स्किन को डिटॉक्सीफिकेशन कर टिशू से गंदगी को साफ करने का काम करते हैं।

### रोजाना व्यायाम करें

'स्कूल ऑफ आयुर्वेदा एंड पंचकर्मा' के लेख के अनुसार आयुर्वेद कहता है कि हमारा शरीर खुद को ठीक रखने के लिए व्यायाम चाहता है, जो हमारे ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने का काम करता है। इससे स्किन में निखार आता है और मसल स्ट्रैच होती हैं, जिसकी वजह से त्वचा जवान और निखरी हुई नजर आती है।

### पूरी नींद से निखरे की त्वचा

*हमारे शरीर की जब भी कोई परेशानी होती है उसका एक कारण नींद का पूरा न होना होता है। अगर आप अपनी स्किन को हेल्दी रखने के लिए कई स्किन और ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं लेकिन नींद पूरी नहीं ले रहे हैं तो उपयोग की गई सभी चीजों का कोई प्रभाव नहीं रहेगा। आयुर्वेद के अनुसार स्वास्थ्य के लिए पूरी नींद लेना बहुत जरूरी होता है। अगर आपकी पर्याप्त मात्रा में नहीं सोते हैं तो आंखों में सूजन और स्किन एजिंग की समस्या हो सकती है।*

### इन बातों का भी रखें ध्यान

*आयुर्वेद के अनुसार तनाव लेने से स्किन और दिमाग, दोनों ही प्रभावित होते हैं। इसलिए स्ट्रेस को कम करने के लिए मेडिटेशन करें, ये तनाव भी कम होगा और इम्यूनिटी को बेहतर करने का भी काम करता है। आयुर्वेद इस बात पर जोर देता है कि आप हेल्दी और बैलेंस डाइट का रूल फॉलो करें। ये आपके शरीर को अंदर और बाहर दोनों से साफ रखता है और त्वाचा में खिला-खिला निखार देता है।*

# पतले टांगों वाले लड़कों के लिए बेस्ट हैं ये 3 जींस पैंट्स


फैशन

हर मौसम में जींस लड़कों के वार्डरोब को कंप्लीट बनाने का काम करता है। कहीं भी जाना हो, बस एक जींस निकाला और पहनकर तैयार। हालांकि कई लड़कों को अपने लिए जींस चूज करने में परेशानी होती है। दरअसल, इन दिनों बाजार में इतने तरह के जींस हैं कि खरीदने जाओ तो समझ ही नहीं आता कि आखिर कौन सा जींस किस तरह के लोगों पर अच्छा लगेगा। मसलन, स्लिम फिट लूं या लूज बैगी डिजाइन लूं या कुछ और। अगर आप पतले-दुबले हैं और अपने पतले पैरों को परफेक्ट दिखाना चाहते हैं किस तरह का पैंट आपकी पर्सनैलिटी को निखारने का काम करेगा।

### कार्गो

पतले पैरों के लिए कार्गो पैंट परफेक्ट होता है। इसके फैब्रिक्स और पॉकेट्स स्किनी लेग्स को हाइड करती हैं। इनकी कटिंग बॉडी शेप को वाइड बनाता है और ये दिखने में काफी स्टाइलिश और रफ टफ लुक भी क्रिएट करता है। आप इसे टीशर्ट या कैजुअल शर्ट के साथ पहन सकते हैं। कार्गो पैंट्स हल्के और गहरे दोनों रंगों के बड़े आसानी से मिल जाते हैं। गर्मी के दिनों में अगर आप लाइट ब्राउन कार्गो पैंट लें तो ये काफी अच्छा लगेगा। आप ग्रे या आर्मी कलर कार्गो भी ले सकते हैं। ऐसे जींस आपको क्लासी लुक प्रोवाइड करता है।




### बैगी जींस

कूल और कंफर्टेबल लुक के लिए आप बाजार से बैगी जींस खरीद सकते हैं। ये जीस कैजुअल ओकेजन के लिए परफेक्ट होते हैं। आप अगर अपने लिए बैगी जींस ले रहे हैं तो इस बात का जरूर ध्यान रखें कि इसका साइज आपके कमर से परफेक्ट हो। आप एक साइज बड़ा साइज ले सकते हैं और ऑल्टर या बेल्ट के साथ पहन सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि पैंट अधिक बैगी ना हो।

### जॉगर्स

जॉगर्स भी इन दिनों काफी फैशन में है। स्किनी और स्लिम फिट वाले लड़कों पर तो ये काफी अच्छी दिखती है। खासतौर पर अगर आप कॉलेज जाते हैं तो ये पैंट आप अपने वार्डरोब में जरूर रखें। इसे आप कैजुअल ओकेजन में बड़े आराम से कैरी कर सकते हैं। ऐसे जीस राउंड नेक टीशर्ट और स्नीकर्स के साथ अच्छे दिखते हैं।

# चेहरा भर गया पिंपल्स से और फेस से ग्लो भी है गायब?



*आए दिन मेकअप का ट्रेड बढ़ाता जा रहा है। परफेक्ट दिखने के लिए महिलाएं दिनभर मेकअप लगाकर रहती हैं और देर रात इन कैमिकल प्रोडक्ट को स्किन से उतारती हैं।इन प्रोडक्ट के रेग्युलर इस्तेमाल से स्किन को काफी नुकसान पहुंचता है। ऐसे में अगर आप कुछ घंटों या दिन के लिए अपने मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल बंद कर दें और स्किन को हर तरह के प्रोडक्ट से दूर रखें तो आपकी स्किन पर काफी पॉजिटिव असर दिखेगा और स्किन रिलैक्स रहेगी। इसी कॉन्सेप्ट के साथ इन दिनों स्किन फास्टिंग टेकनीक काफी ट्रेंड में है। दरअसल, स्किन फास्टिंग एक प्रक्रिया है जिसमें स्किन को मेकअप और स्किन केयर प्रोडक्ट से ब्रेक दिया जाता है और उसे रीसेट और रीबैलेंस होने के लिए उसे बॉडी के नेचुरल हीलिंग प्रोसेस में जाने की अनुमति दी जाती है।*

### यह है स्किन फास्टिंग

आमतौर पर हम रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद स्किन केयर रुटीन को फॉलो करते हैं। इसके लिए रात में क्लीनजर, टोनर, सीरम और मॉश्चराइज आदि प्रोडक्ट का प्रयोग करते हैं, जिससे स्किन हेल्दी और प्रॉब्लम फ्री रहे। इसके अलावा, सुबह भी कई तरह के प्रोडक्ट हम स्किन पर अप्लाई करते हैं। लेकिन स्किन फास्टिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें स्किन को इन सब चीजों से कुछ दिन या महीने के लिए ब्रेक दिया जाता है। इसके तहत चेहरे को केवल मइल्ड क्लीनर और बेसिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल किया जाता है और अन्य सभी प्रोडक्ट से स्किन को दूर रखा जाता है।

### यह मिलता है फायदा

इस तरह स्किन नेचुरल प्रोसेस में खुद का हील कर पाती है, स्किन का पीएच लेवल रेगुलेट हो पाता है और यह बाहरी दिक्कतों को दूर करने में सक्षम हो पाता है। इस तरह स्किन की सेंसिटिविटी कम होती है, ओवरलोड प्रोडक्ट से स्किन बचता है और स्किन को नेचुरली हील होने का मौका मिलता है।

# झाइयां दूर करने का मिल गया जुगाड़

क्लीन और स्पॉटलेस स्किन खूबसूरती के लिए जरूरी माना जाता है। लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है स्किन पर झाइयों के निशान आने लगते हैं और इनकी वजह से चेहरा दाग धब्बेदार दिखने लगता है। एक बार अगर झाइयां चेहरे पर आ जाएं तो इन्हें हटाना नामुमकिन सा लगता है। लेकिन अगर आप इसे रोकना चाहते हैं और स्किन को स्पॉटलेस बनाना चाहते हैं तो किचन में रखे आलू की मदद लें। अगर आप स्किन के दाग धब्बों को हटाने के लिए आलू का इस्तेमाल सही तरीके से करें तो चेहरे पर मौजूद इन जिद्दी दाग को बड़ी आसानी से हटाया जा सकता है।



### पहला तरीका

एक आलू को मिक्सी में पीस लें और छन्नी की मदद से इसके रस को निकाल लें। अब इस रस को कुछ देर फ्रिज में रख दें। जब ये अच्छी तरह ठंडा हो जाए तो इसमें एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं और कॉटन की मदद से स्किन पर इसे लगाएं। 10 से 15 मिनट के बाद इसे धो लें। सप्ताह में 3 दिन इसका इस्तेमाल करें।

### दूसरा तरीका

एक आलू को मिक्सी में पीस लें और एक कटोरी में रखें। अब इसमें एक चम्मच दही मिला लें। अच्छी तरह मिल जाए तो आप इसे अपने साफ धुले चेहरे पर अच्छी तरह से अप्लाई करें। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड दाग को हटाएगा और चेहरा क्लीन दिखेगा। इसे भी 10 मिनट बाद धो लें।

### तीसरा तरीका

आप एक आलू को आधा काट लें और उस पर हल्दी छिड़क लें। अब आप इसे अपने साफ चेहरे पर उस जगह रगड़ें जहां पर झाइयां हो गई हैं। हल्दी में कई ऐसे एंटीऑक्सीडेंट तत्व हैं जो दाग को हटाकर चेहरे पर निखार लाती हैं। इस तरह आपके चेहरे से झाइयों के दाग तो जाएंगे ही, स्किन पर एक नेचुरल निखार भी आएगा। हालांकि जब भी इन फेस पैक का इस्तेमाल करें तो पहले स्किन पर पैच टेस्ट जरूर कर लें। अगर किसी तरह की परेशानी हो तो तुरंत इस्तेमाल बंद कर दें।

कार्नर न्यूज

## यह होती है हेयर डस्टिंग

# बालों को मोटा और घना बनाने का यह तरीका आ सकता है आपके काम

सोशल मीडिया पर आए दिन अलग-अलग ट्रेंड्स और हैक्स वगैरह देखने को मिल जाते हैं। कुछ तो ऐसी चीजें भी दिखाई दे जाती हैं जिनके बारे में शायद ही कभी सोचा या सुना हो। ऐसी ही एक तकनीक है हेयर डस्टिंग। बालों को लंबा और घना बनाने के लिए हेयर डस्टिंग की जा सकती है और कहा जा रहा है कि इससे ना सिर्फ दोमुंहे बालों की दिक्कत दूर होगी, बल्कि बाल पहले से ज्यादा मुलायम, हेल्दी और खूबसूरत नजर आने लगेंगे। लेकिन, यह हेयर डस्टिंग होती क्या है? जब हम किसी सामान की ऊपरी तौर पर सफाई करते हैं तो उसे डस्टिंग कहा जाता है। बिल्कुल इसी तरह हेयर डस्टिंग का मतलब है बालों को ऊपर-ऊपर से काटना, यानी ऊपरी सतह से कटिंग करना. हेयर डस्टिंग में सिर्फ दोमुंहे बाल हटाए जाते हैं। इससे बालों की लंबाई जस की तस बनी रहती है और खुरदुरे स्प्लिट एंड्स हट जाने से बाल मुलायम बनते हैं। हर बाल के नीचे नजर आने वाले स्प्लिट एंड्स को हटाया जाता है जिससे डैमेज्ड बाल भी हट जाते हैं। कहा जा सकता है कि हेयर डस्टिंग से बालों पर वही असर होता है जो ऊनी कपड़ों से रोएं हटाने पर नजर आता है।



### हेयर डस्टिंग तकनीक फायदेमंद क्यों है

*जो लोग बाल बढ़ाना चाहते हैं या फिर बालों की लंबाई को जस का तस रखना चाहते हैं, उनके लिए हेयर डस्टिंग तकनीक बेहद फायदेमंद साबित होती है। इस तकनीक से डैमेज्ड बाल कम होते हैं और बार-बार सैलून के चक्कर लगाने की झंझट से भी छुटकारा मिल जाता है।*

### ये लोग कर सकते हैं हेयर डस्टिंग

*किसी भी हेयर टाइप के लोग हेयर डस्टिंग कर सकते हैं। बालों को अच्छी तरह झाड़ने पर स्पिलट एंड्स नजर आने लगते हैं जिससे हेयर डस्टिंग करना आसान हो जाता है।*

### घर पर ऐसे करें हेयर डस्टिंग

*हेयर डस्टिंग करने से बाल हेल्दी बनते हैं और उनमें चमक नजर आने लगती है। फ्रिजी बालों से छुटकारा पाने के लिए भी हेयर डस्टिंग की जा सकती है। खुद से हेयर डस्टिंग करने के लिए सबसे पहले जरूरी है कि आप अच्छी क्वालिटी की कैंची खरीदें। इसके अलावा आपको कंघी, क्लिप, बाल बांधने के लिए रबड़, तौलिया और शीशे की जरूरत होगी। बालों को धोकर ब्लो ड्राई करें और बीच में से मांग निकाल लें। अब बालों को सेक्शंस में बांटे, क्लिप लगाएं और उंगलियों के बीच में लेकर नजर आ रहे स्पिलट एंड्स को काटकर हटा दें। पूरे सिर के बालों के साथ इस प्रक्रिया को दोहराने पर हेयर डस्टिंग हो जाएगी।*

### काली मिर्च में होते हैं बालों को बढ़ाने वाले तत्व

*काली मिर्च में विटामिन ए, सी होते हैं। साथ ही कोरोनॉएड, फ्लेवेनाएड्स, फोलिक एसिड, पोटैशियम जैसे कई सारे तत्व होते हैं। जो ना केवल स्कैल्प पर दोबारा से बाल उगाने में मदद करते हैं बल्कि डैंड्रफ को भी दूर करते हैं। काली मिर्च को बालों पर लगाने का बहुत ही सरल तरीका है काली मिर्च का टोनर। जो बालों की स्कैल्प को मजबूत बनाने और हेयर ग्रोथ में मदद करता है। जानें कैसे बनाएं काली मिर्च का टोनर*



### काली मिर्च का टोनर कैसे बनाएं

*काली मिर्च का टोनर बनाने के लिए बस दो चीजों की जरूरत होगी। किसी पैन या बर्तन में एक लीटर पानी डालें। इसे गैस पर रकें और 25 ग्राम के करीब काली मिर्च लेकर इसे कूटकर दरदरा पीस लें या पाउडर बना लें। अब इस पाउडर को पानी में डालकर पकाएं। इसे तब तक पकाएं जब तक कि ये एक चौथाई ना रह जाए। बस इस एक चौथाई काली मिर्च के पानी को छानकर किसी स्प्रे बोतल में भर लें।*

### कैसे लगाएं काली मिर्च का टोनर

*बालों पर काली मिर्च का टोनर लगाने के लिए रात को सोने से पहले बालों की जड़ों पर लगाएं। फिर सुबह पानी से वॉश कर लें। सप्ताह में कम से कम तीन से चार बार इस टोनर को लगाने से कुछ ही हफ्तों के बाद बालों की ग्रोथ में फर्क दिखेगा और नए बाल उगने लगेंगे।*

18- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/18/2024 8:28 PM Page 1





# फिल्म श्रीकांत को देख गदगद हुए अक्षय

**मुंबई।** बीते शुक्रवार को राजकुमार राव की बहुचर्चित फिल्म श्रीकांत को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया है। आज इसे एक सप्ताह का वक्त गुजर गया है और फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए आगे बढ़ रही है। इस बीच अभिनेता अक्षय कुमार ने भी श्रीकांत को देखकर सोशल मीडिया पर इसका रिव्यू किया है। सिर्फ इतना ही नहीं वेलकम 3 कलाकार ने राजकुमार राव को एक्टिंग क्लास शुरू करने की सलाह दे डाली है। आइए एक नजर अक्की के इस लेटेस्ट पोस्ट पर डालते हैं। अक्षय कुमार फिल्म श्रीकांत को देखने के बाद अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट स्टोरी को शेयर किया है।

## लाइफ Style

# रश्मिका

## अटल सेतु वीडियो की पीएम मोदी ने की तारीफ

नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना सिर्फ साउथ सिनेमा का ही नहीं, अब हिंदी दर्शकों के बीच भी काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं। रश्मिका पिछले कुछ सालों में कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों का हिस्सा रहीं। वह आखिरी बार रणबीर कपूर स्टारर ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' में नजर आई थीं। अब रश्मिका अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पाः द रूल में दिखाई देंगी। इस बीच अभिनेत्री का एक वीडियो सुर्खियों में है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस वीडियो में रश्मिका मंदाना अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। वीडियो पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रश्मिका के पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेत्री की तारीफ की है और वीडियो को संतोषजनक बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रश्मिका मंदाना का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि लोगों को जोड़ने और उनके जीवन को बेहतर बनाने से उन्हें संतोष मिलता है।

वीडियो में रश्मिका हाल ही में बने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक पर नजर आ रही हैं। हार्बर लिंक को अटल सेतु नाम दिया गया है। रश्मिका इस वीडियो में अटल सेतु की तारीफ कर रही हैं। वह कहती हैं- जहां लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में 2 घंटे लगते थे, वहां अब वे सिर्फ 20 मिनट में पहुंच सकते हैं। रश्मिका मंदाना के इस वीडियो और पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिएक्शन देते हुए लिखा, "बिलकुल! लोगों को जोड़ने और जीवन को बेहतर बनाने से ज्यादा संतोषजनक कुछ भी नहीं।" वीडियो में रश्मिका मंदाना ने अपने एक्स हैंडल पर ये वीडियो शेयर किया था। वीडियो में वह अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। पुल की खूबी बताते हुए उन्होंने ये भी कहा कि समुद्र पर बना ये सबसे लंबा पुल है, जो 22 किलोमीटर का है।




## हॉलीवुड मसाला




# जेनिफर लोपेज की चौथी शादी टूटी

**लॉस एंजिलिस।** जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज में गिनी जाती हैं। अभिनेत्री ने अपनी जिंदगी में चार शादियां की हैं। तीन शादी टूटने के बाद अब खबर आ रही है कि जेनिफर चौथे पति बेन एफ्लेक से भी अलग हो गई हैं। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक की शादी में काफी समय से तनाव की खबरें आ रही थीं। कहा जा रहा था कि बेन ने जेनिफर का घर भी छोड़ दिया है। अब लेटेस्ट खबर आ रही है कि दोनों तलाक लेने जा रहे हैं। एक सोर्स के हवाले से पता चला है, बेन एफ्लेक का जेनिफर लोपेज के साथ ब्रेकअप हो गया है और वह जेनिफर के साथ जिस घर में रह रहे थे, वहां से चले गये हैं।



# कटरीना बनीं विक्की कौशल की फोटोग्राफर

**मुंबई।** विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के पावर कपल्स में गिने जाते हैं। बीते दिन एक्टर ने अपना 36वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। ऐसे में फैंस विक्की कौशल और कटरीना कैफ के बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। एक्ट्रेस ने सेलिब्रेशन की अनदेखी फोटोज शेयर की है। विक्की कौशल के बर्थडे पर कटरीना कैफ उनकी फोटोग्राफर बनीं। एक्ट्रेस ने पति की कई सारी कैंडिड फोटो क्लिक की, जो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी की है। इन तस्वीरों ने ही कटरीना कैफ का राज खोल दिया है कि वो विक्की कौशल के लिए पर्सनल फोटोग्राफर बन गई हैं। फैंस दोनों के इस रोमांस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। कटरीना कैफ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर विक्की कौशल की तीन फोटो शेयर की है।





# कार्तिक के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर में 13 मई को खराब मौसम की वजह से एक बड़ा हादसा हो गया। अचानक आए आंधी-तूफान और तेज बारिश से घाटकोपर के छेदा नगर में एक बड़ा सा होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिरा था। इस हादसे में 16 लोगों की जान चली गई। अब खबर है कि बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के मामा-मामी भी इस हादसे का शिकार हो गए और दोनों की जान चली गई। मुंबई होर्डिंग हादसे में 74 लोग घायल हो गए। बुधवार को घटानस्थल से दो शवों को निकाला गया। मृतक की शिनाख्त रिटायर्ड एअर ट्रैफिक कंट्रोल के जनरल मैनेजर मनोज चनसोरिया और उनकी पत्नी अनीता के तौर पर हुई थी. ये दोनों कार्तिक आर्यन के मामा-मामी थे। कार्तिक आर्यम गुरुवार को इनके अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे।

# प्रैट के बॉडी डबल बने टोनी मैकफार नहीं रहे

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकन एक्टर और प्रोड्यूसर क्रिस प्रैट पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। गार्डियन ऑफ गैलेक्सी और जुरासिक वर्ल्ड जैसी फिल्मों में क्रिस प्रैट के बॉडी डबल बने टोनी मैकफार का 13 मई को निधन हो गया। उनकी रहस्यमयी मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर की उम्र महज 47 साल की थी। उनके निधन की खबर ने क्रिस प्रैट को बुरी तरह से तोड़ दिया है। उन्होंने बॉडी डबल टोनी के निधन के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की है। टोनी मैकफार के निधन की खबर की जानकारी खुद उनकी मां ने शेयर की है। उनकी मां डोना ने बातचीत करते हुए बताया है कि उनके बेटे का आकस्मिक निधन हो गया है। हॉलीवुड के स्टंट मैन को अपने घर ओरलैंडो के बाहर 13 मई को बेहोश पाया गया था।

## टीवी मसाला

# 'मेरा हर लड़के पर दिल आ जाता है...' ईशा मालवीय



मुंबई। ईशा मालवीय सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 17' की सबसे पॉपुलर कंटेस्टेंट रही हैं। शो में ईशा ने अपने लव एंगल को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं। पहले वह एक्स ब्वॉयफ्रेंड अभिषेक कुमार के साथ लड़ाइयों के लिए लाइमलाइट में रहीं, फिर ब्वॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल के साथ रोमांस को लेकर उन्होंने सभी का ध्यान खींचा। समर्थ जुरेल और ईशा मालवीय बिग बॉस के घर में अपने रोमांस से हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, शो खत्म होते ही दोनों के रास्ते अलग हो गये। सलमान खान का शो खत्म होते ही यूजर्स कयास लगा रहे थे कि दोनों अलग हो चुके हैं। हालांकि, बाद में खुद समर्थ ने ही ब्रेकअप पर मुहर लगा दी। ब्रेकअप की पुष्टि के बाद ईशा को जमकर ट्रोल किया जा रहा था। अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है।

# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नहीं हो रहा ऑफ एयर

**मुंबई।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा इन दिनों लगातार अपने कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस बार कपिल अपना शो टीवी की जगह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर लेकर आए। शो को लेकर दर्शक काफी एक्साइटेड थे क्योंकि कई सालों के सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा की जोड़ी एक बार फिर साथ नजर आई। ऐसे में अब शो के ऑफ एयर होने की खबरों ने फैंस को बेचैन कर दिया हे। खबर के मुताबिक, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' बंद नहीं हो रहा है। कृष्णा अभिषेक ने बताया, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' टीम ने सीजन एक खत्म कर दिया है क्योंकि वे कॉन्ट्रैक्ट से बंधे थे। केवल सीजन 1 के लिए कॉन्ट्रैक्ट खत्म हुआ है। शो बंद नहीं हो रहा है।' कृष्णा की इस बात से साफ है कि दर्शकों को अब निराश होने की नहीं, बल्कि बस थोड़ा इंतजार करने की जरूरत है।





# कांस में फिर चला ऐश्वर्या राय की नीली आंखों का जादू

मुंबई। साल 2002 से लगातार भारत को कांस के विदेशी मंच पर रिप्रेजेंट करने वाली भारतीय एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय अपनी अदाओं और खूबसूरती से लोगों का दिल जीतती आई हैं। वो अपने स्टाइल, आउटफिट और अपने विनम्र भाव से सभी को कायल कर देती हैं। एक्ट्रेस एक बार फिर कांस 2024 का हिस्सा बनी हैं। बीते दिन एक्ट्रेस जैसे ही पहुंचीं उनका भव्य स्वागत हुआ और इसके बाद से बस उन्हीं के चर्चे हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या राय छाई हुई हैं। इस खास मौके पर उनके साथ उनकी बेटी आराध्या बचपन भी उनको सपोर्ट करने पहुंची हैं। कांस 2024 से उनका पहला लुक भी सामने आ गया है। इस लुक में एक्ट्रेस बला की खूबसूरत लग रही हैं। ऐश्वर्या राय ने ब्लैक, व्हाइट और गोल्ड के काम्बिनेशन में हैवी ट्रेल गाउन कैरी किया है। इस गाउन पर गोल्ड फॉइल वर्क का काम है और व्हाइट स्टेटमेंट स्लीव्स हैं। साथ ही एक लंबी ट्रेल भी है, जिस पर गोल्डन फ्लावर पैच हैं। इस पूरे लुक को एक्ट्रेस ने बड़े गोल्ड हूप्स, मैसी हेयर्स और मिनिमल मेकअप के साथ कंप्लीट किया है। ऐश्वर्या राय का ये लुक इस वक्त खूब चर्चा में हैं और सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।

# जुगल हंसराज का खतरनाक लुक आउट



मुंबई। यशराज बैनर तले बनी कल्ट फिल्म मोहब्बतें फैंस की फेवरेट मानी जाती है। इस मूवी में शाह रुख खान, अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या सहित कई नए कलाकारों ने काम किया था। उनमें से एक जुगल हंसराज भी रहे, जो छोटी सी उम्र से हिंदी सिनेमा में एक्टिव हैं।मोहब्बतें में चॉकलेटी ब्वॉय की इमेज को लेकर जुगल का नाम काफी पॉपुलर हुआ था। हालांकि इसके बाद वह एक्टिंग की दुनिया से कुछ समय के लिए दूरी बना ली थी। लेकिन अब वह कमबैक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उनकी अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज से फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसकी वजह से उसे पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। जुगल हंसराज का नाम अपने दौर के सबसे चार्मिंग अभिनेताओं में से एक रहे हैं। हालांकि उम्र के बढ़ते बढ़ाव से उनका लुक अब बदल गया। लेकिन उससे कहीं गुना उनका रूप अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज में बदला हुआ दिख रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म लायन्सगेट इंडिया की एक तरफ से जुगल का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया गया है।



# फिल्म प्रमोशन में नेपोटिज्म पर किया मजाक : जाह्नवी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव और एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के लिए हुए एक इंटरव्यू के दौरान राजकुमार राव ने जाह्नवी कपूर पर नेपोटिज्म को लेकर मजेदार अंदाज में तंज कसा। दरअसल, पहले जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर मजाक किया, उसके बाद एक्टर राजकुमार राव ने उनपर तंज कसा। एक इंटरव्यू के दौरान जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर बात शुरू की। उन्होंने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि स्कूल में उन्हें कोरस का हिस्सा बनाया गया था, लेकिन वो अच्छा गा नहीं पाती थीं तो उनके सामने का माइक बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि एक महिला ने कहा था कि जाह्नवी के सामने वाला माइक ऑफ कर दो। जाह्नवी के साथ हुए इस किस्से को सुनकर राजकुमार राव ने कहा, "रखा क्यों बेचारी को फिर? मना कर देते। इसके बाद जाह्नवी ने मजाकिया अंदाज में कहा, नेपोटिज्म अफकोर्स, इसलिए तो रखा था मुझे कोरस में। जैसे ही जाह्नवी ने नेपोटिज्म के बारे में बोला, राजकुमार राव ने कहा कि फिर तो ठीक है। फिर तो काश जिंदगी में हम भी बहुत सारे माइक ऑफ कर पाते। जाह्नवी राजकुमार राव की बात सुनकर चौंक गईं और तुरंत उनसे पूछा कि क्या ये उनके लिए टॉन्ट था।

# रातों की नींद उड़ा देंगी ये हॉरर वेब सीरीज

**मुंबई।** अगर आपको डर एक्सपीरियंस करना पसंद है। सिहर जाना पसंद है। रातों की नींद उड़ाना पसंद है तो ये आर्टिकल आपके लिए ही है। इस आर्टिकल में हम आपको सात ऐसी वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं जो हिंदी में ओटीटी पर मौजूद हैं और जिनकी आईएमडीबी रेटिंग सात से ऊपर है। इनकी स्टोरीलाइन शानदार है और कॉन्सेप्ट बेहद खतरनाक है। इन सात हॉरर वेब सीरीज के नाम बताने से पहले हम आपको वॉर्निंग देना चाहते हैं। अगर आपको बहुत ज्यादा डर लगता है, लेकिन डरावनी वेब सीरीज देखना पसंद है तो आप अकेले ये वेब सीरीज न देखें। वीकेंड पर अपने दोस्तों या फिर परिवार के किसी सदस्य के साथ इन वेब सीरीज के एपिसोड्स को बिंज वॉच करें।

## आईएमडीबी पर 7 से ऊपर है इनकी रेटिंग




### घोल

आईएमडीबी रेटिंग: 7.0/10
कलाकार: राधिका आप्टे, मानव कौल, रोहित पाठक

### अनकही अनसुनि

आईएमडीबी रेटिंग: 7.3/10
कलाकार: वीभा आनंद, आत्म प्रकाश मिश्रा, अरविंद जांगिड़, अभि शर्मा
कहां देखें: डिज्नी+हॉटस्टार




### डार्क

आईएमडीबी रेटिंग: 8.7/10
कलाकार: लुई हॉफमैन, कैरोलिन आइचोर्न, लिसा विकारी




### द हॉन्टिंग ऑफ हिल हाउस

आईएमडीबी रेटिंग: 8.5/10
कलाकार: माइकल हुइसमैन,कार्ला गुगिनो, हेनरी थॉमस

**शैतान हवेली :** आईएमडीबी रेटिंग: 7.2/10
कलाकार: वरुण ठाकुर, भूपेश सिंह, जाहिद अली
कहां देखें: अमेजन प्राइम वीडियो

### रात अकेली है

आईएमडीबी रेटिंग: 7.2/10
कलाकार: आशीष छीपा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राधिका आप्टे




### 13 बी

आईएमडीबी रेटिंग: 7.3/10
कलाकार: माधवन, नीतू चंद्रा, पूनम ढिल्लों
कहां देखें: डिज्नी प्लस हॉटस्टार



## खबर संक्षेप



### राम जानकी मंदिर में हो रहे महायज्ञ कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कुसमी।** ग्राम पंचायत कंदरी में प्राचीन राम जानकी मंदिर में हो रहे महायज्ञ कथा कार्यक्रम में सदानंद महाराज के सानिध्य में 10 से 18 मई तक महायज्ञ कथा का आयोजन किया गया है। महायज्ञ कथा के आयोजन से क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। महायज्ञ कथा वाचक सदानंद महाराज द्वारा प्रतिदिन कथा की जा रही है। कंदरी मंदिर के प्रांगण में आयोजित महायज्ञ पूजा पाठ राम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने आ रहे है। सदानंद महाराज द्वारा मंदिर प्रांगण में अस्पताल, गौशाला , गुरुकुल के माध्यम से विद्यालय की मांग एवं मंदिर की भूमि में बाउंड्री करण करने की मांग की। साथ ही मंदिर से प्राचीन काल से स्थापित अष्ठ धातु की मूर्ति की हुई चोरी करने वाले विषय को लेकर जांच करते हुए दोषी के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की। महायज्ञ राम जानकी मंदिर के कथा पूजा पाठ कार्यक्रम में पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में लॉटरी के माध्यम से विद्यार्थियों का हुआ चयन

**प्रतापपुर।** विकासखंड प्रतापपुर के डांडकरवां में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विभिन्न कक्षा में रिक्त सीटों पर प्रवेश लॉटरी के माध्यम से किया गया। लॉटरी सिस्टम जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के मार्गदर्शन में, प्रवेश समिति के अध्यक्ष श्रीमती ललिता भगत अनुविभागीय अधिकारी, रविन्द्र नाथ यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नु सिंह धुर्वे तथा प्रवेश प्रभारी निष्ठा सिंह, चंद्रमुखी पटेल, सुधा साहू व प्रवेश समिति के सदस्य महेंद्र पटेल, विद्यालय के स्टॉफ अलका सिंह चौहान, तनु सिंह, नेहा मिश्रा, संदीप जायसवाल, आशुतोष पटेल, सुशील खाखा एवं अभिभावक की उपस्थिति में प्रवेश प्रक्रिया की गई। ज्ञात हो की प्रवेश के लिए प्रवेश फॉर्म 10 अप्रैल से 10 मई तक तथा दावा आपत्ति 14 मई तक आमंत्रित किए गए थे। 16 मई को लॉटरी पद्धति से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गई। विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र नाथ यादव ने बताया कि रिक्त सीटों पर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार लॉटरी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गई है तथा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र प्रियांशु गुप्ता, परमेश्वर, कुमारी छटन एवं कुमारी सविता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### पानी स्टोरेज के लिए एनीकट का मरम्मत कार्य शुरू

**रामानुजगंज।** कनहर नदी में वाटर स्टोरेज के लिए बनाए गए एनीकट का गेट खराब होने के कारण पानी लीकेज होने से शहर में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जल संसाधन विभाग द्वारा एनीकट का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। इस मामले में कनहर नदी एनीकट में चल रहे मरम्मत कार्य के दौरान मौके पर मौजूद सब इंजीनियर विरेन्द्र पैकरा ने बताया कि एनीकट में मरम्मत कार्य की जरूरत थी। इस वजह से एनीकट के गेट के साइड में टूटने की वजह से पानी लीकेज हो रहा है। जल संसाधन विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश दिए पर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। मानसून में यहां पानी स्टोर हो जाएगा जिससे क्षेत्र के लोगों को आगे दिक्कत नहीं होगी। गौरतलब है कि रामानुजगंज में लोगों के लिए गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए पानी स्टोरेज करने के लिए एनीकट का निर्माण कराया गया था। लेकिन एनीकट में लीकेज होने के कारण पानी नहीं स्टोर हो पा रहा था जिससे लोगों को एनीकट निर्माण से कोई लाभ नहीं मिला और पानी की समस्या बरकरार रही। विभाग द्वारा मानसून से पहले ही रिपेयरिंग कार्य को पूरा करने की कोशिश किया जा रहा है।

### आधार कार्ड से मिला गुमशुदा युवक

**जनकपुर।** चार साल पहले गुम हुआ युवक को ढूंढ़कर वापस लाने में उसका आधार कार्ड कोटाडोल पुलिस के लिए मददगार साबित हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटाडोल थानांतर्गत ग्राम बसखोहर निवासी 15 जून 2020 को पुलिस थाना कोटाडोल में हरिलाल पंडो पिता सरदार राम पंडो उम्र 37 वर्ष ने कोटाडोल थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसका 17 वर्षीय नाबालिग पुत्र राम सुंदर गांव के कुछ लोगों के साथ कमाने के लिए जिला से बाहर गया था। कुछ माह बाद सभी दोस्त वापस अपने घर लौट आए, लेकिन नाबालिग पुत्र रामसुंदर वापस नहीं आया है। उसके साथियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह हमसे रास्ते में कहीं बिछड़ गया है। काफी खोजबीन किए पर पता नहीं चला। प्रार्थी ने भी काफी तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला, इसलिए थाना आया हूं। सूचना पर पुलिस द्वारा गुम इंसान तथा अपहरण के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया।

## खुले विद्युत तारों की जगह लगाया जा रहा केबल

# दशकों पुरानी जर्जर विद्युत लाइन से मिलेगी मुक्ति, शासन से मिली 2 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विद्युत अमला व उपभोक्ताओं के लिए बड़ी समस्या साबित हो रही दशकों पुरानी जर्जर विद्युत लाईन से अब मुक्ति मिलने वाली है। शासन ने पुरानी विद्युत लाइन को बदलने के लिए 220 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। विभाग खुले तारों वाली विद्युत लाइन को हटाकर केबल लगवा रहा है। योजना के तहत विद्युत अवरोधों के नियंत्रण के लिए विद्युत फीडर की लंबाई कम करने के साथ ही अन्य समस्याओं का भी निराकरण किया जा रहा है। शहर सहित पूरे सरगुजा जिले में 80 के दशक में विद्युत का विस्तार किया गया था। तत्काली आवश्यकताओं को देखते हुए लम्बी-लम्बी लाइन खींचकर बड़े इलाके में विद्युत विस्तार किया गया था। दशकों पुरानी विद्युत लाइन के जर्जर एवं अव्यवहारिक होने के कारण आए दिन समस्या हो रही थी। तब बड़ी आबादी तक विद्युत पहुंचाने लम्बे-लम्बे फीडर बनाए गए थे तथा एक ही फीडर में कृषि, व्यवसायिक एवं घरेलु उपभोक्ताओं को जोड़ा गया था। कृषि क्षेत्र के उपभोक्ताओं में विद्युत खपत बढ़ने के कारण विद्युत लाईन व ट्रांसफार्मर खराब हो जाते है। लम्बे फीडर में खराबी ढूंढने विद्युत कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है तथा सुधार कार्य में भी काफी समय लगता है। हुकिंग के माध्यम से बिजली चोरी की भी समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही है। स्थिति को देखते हुए लम्बे समय से विद्युत लाईन के जर्जर तारों को बदलने के साथ ही अन्य तकनीकी बदलाव करने की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को देखते हुए शासन ने इस कार्य के लिए 220 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। निविदा की प्रक्रिया पूरी होने विभाग ने विद्युत लाइन को बदलने का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। विभाग द्वारा विद्युत लाईन के पुराने खुले तारों को हटाकर केबल लगाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। विभाग ने ठेकेदार को शहर सहित पूरे जिले भर की विद्युत लाइन को दुरूस्त करने के लिए 2 साल का समय निर्धारित किया है। काम पूरा होने के बाद विद्युत अवरोधों से राहत मिलेगी साथ ही विद्युतकर्मियों को भी फाल्ट खोजने के लिए लम्बी दूरी तक सफर करने से मुक्ति मिलेगी।

**खास बात**

- समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए बनाए जाएंगे नए विद्युत फीडर



विद्युत लाइन का विस्तार करते कर्मचारी।।

### कृषि प्रयोजन के लिए बनेंगे अलग फीडर

गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत अवरोधों के नियंत्रण के लिए विभाग ने कृषि उपभोक्ताओं के लिए अलग फीडर बनाने का निर्णय लिया है। गर्मी के मौसम सहित अन्य दिनों में कृषकों द्वारा खेतों की सिंचाई के लिए लगातार 24 घंटे तक पंप चलाने के कारण लोड बढ़ जाता है तथा विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। आए दिन इस तरह की समस्या निर्मित होने के कारण विभाग ने कृषि जरूरतों के लिए अलग फीडर बनाने का निर्णय लिया है। अलग फीडर बनने पर लोड बढ़ने के बावजूद अन्य उपभोक्ताओं की आपूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। विकासखण्ड लुण्ड्रा, उदयपुर, लखनपुर, बतौली एवं सीतापुर सहित अन्य क्षेत्रों में बहुतायात में सिंचाई पंप हैं जिनके लिए अलग फीडर बनाया जाएगा।

#### कम होगी फीडर की दूरी

दशकों पूर्व बने विद्युत फीडर की दूरी काफी लम्बी है। एक फीडर के भरोसे बड़ी आबादी एवं एक दर्जन से अधिक गांवों की विद्युत आपूर्ति आधारित होने के कारण विद्युत अवरोध होने पर पूरे इलाके के उपभोक्ता प्रभावित होते हैं। विभाग ने इस समस्या के निराकरण के लिए फीडर की लम्बाई कम करने एवं नए फीडर बनाने का निर्णय लिया है। इस तरह की समस्या न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बल्कि शहर में भी है। ग्रामीण विद्युत संभाग में 6 हजार किमी लम्बे 83 विद्युत फीडर हैं। योजना के तहत 20 नए फीडर बनाकर इनकी लम्बाई 2500 किमी बढ़ाने की है। इसी तरह शहर संभाग में कुल 46 फीडर हैं जिनमें ननि क्षेत्र के 32 फीडर शामिल है। शहर के टाउन फीडर, बाबूपारा, अजिरमा, शिकारी रोड एवं डीसी रोड फीडर की लंबाई अधिक होने के कारण पांच नए फीडर बनाने की योजना है।

#### हुकिंग पर लगेगी रोक

खुले तारों की जगह केबल लगाने पर अवैध हुकिंग पूरी तरह रूक जाएगी तथा लोग चोरी-छिपे बिजली का उपयोग नहीं कर सकेंगे। वन क्षेत्रों में पेड़ों की डाल गिरने से आए दिन होने वाला विद्युत अवरोध भी पूरी तरह रूक जाएगा। केबल लगने से करंट से हाथियों की मौत की घटना भी रूक जाएगी। योजना के तहत दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को भी काफी लाभ मिलेगा। पूर्व जहां पं.दीनदयाल विद्युतिकरण योजना एवं राजीव गांधी विद्युतिकरण योजना के तहत सिंगल लाइन की जगह थ्री फेस का विस्तार किया जाएगा इन बदलावों से विद्युत अवरोधों में गुणात्मक कमी आएगी तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध होगी।

#### चल रहा है काम

विद्युत चोरी सहित अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए 220 करोड़ की लागत से जिले भर की विद्युत लाइन का सुधार किया जाएगा तथा खुले तारों की जगह केबल लगाया जाएगा। योजना के तहत लम्बी दूरी के फीडरों की दूरी भी कम की जाएगी। केबल विस्तार का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

-रोशन नागवंशी
ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग

# रफ्तार ने ली दो युवकों की जान, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

एनएच 130 एवं 43 ऐसे मार्ग है जहां कई ब्लैक स्पॉट है। एनएच 130 साड़बार बेरियर से लेकर उदयपुर के बीच कई खतरनाक डेंजर जोन है जहां आए दिन दुर्घटनाएं होती है। इसी प्रकार एनएच 43 पर रघुनाथपुर से लेकर बतौली के बीच भी कई ब्लैक स्पॉट हैं। गुरूवार को पुलिस के आला अधिकारियों ने ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया। हैरानी बात है कि ब्लैक स्पॉट के जायजा लिए अभी 24 घंटे भी नहीं हुए थे कि एनएच 130 पर कार व बाइक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। नवापारा अमगसी मोड़ के पास बीती रात तेज रफ्तार कार के चालक ने न सिर्फ बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी बल्कि युवकों को कुछ दूर तक घसीटते ले गया। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार ग्राम माजा निवासी सुरेश दास आ. घूरन दास (19 वर्ष), पटेल बरगाह आ. कलम साय (20 वर्ष) व चमन आ. सुखन राम (20 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 4617 से रात को लखनपुर बस स्टैंड में दोस्त धीरज से मिलने पहुंचे थे। रात करीब 11 बजे तीनों बस स्टैंड से वापस घर माजा लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार नावापारा से आगे अमगसी मोड़.के पास पहुंचे तभी युवकों ने बाइक को राइट साइड में जाने के लिए सड़क क्रास करने बाइक मोड़ी तभी अंबिकापुर की ओर से बिलासपुर की जा रही कार क्रमांक सीजी 15 डीए 5067 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार युवको को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार एक युवक उछलकर सड़क किनारे पर गिरा जबकि दो दो युवक बाइक सहित कार के साथ कुछ दूर तक घसीटते चले गए जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। इधर घटना के बाद कार सवार वाहन और घायलों को छोड़कर मौक़े से फरार हो गए। घटना की सूचना देर रात राहगिरों ने पुलिस सहित एम्बुलेंस 108 को दी गई। सूचना पर एम्बुलेंस 108 के ईएमटी हरीश रजक, चालक बैतुल्लाह खान मौके पर पहुंचे और सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। चिकित्सकों ने जांच के बाद सुरेश दास एवं पटेल बरगाह को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल चमन यादव को प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जिसे रात दाखिल कराया गया है जहां घायल की हालत गंभीर बनी हुई है।

**खास बात**

- बस स्टैण्ड से घर जा रहे थे बाइक सवार



#### खुला कार का एयरबैग

बताया जा रहा है कि कार काफी तेज रफ्तार में थी। बाइक सवार दाहिने मुड़ने के लिए हुए तो कार चालक वाहन के काफी तेज रफ्तार में होने के कारण नियंत्रित नहीं कर सका और सीधे बाइक सवार को टक्कर मार दी। पुलिस ने कार एवं बाइक को जब्त कर लिया है। वाहनों की हालत देखकर ही अंदाजा लगाया जा रहा है कि हादसे के दौरान कार काफी तेज रफ्तार में थी और कार के सामने के दोनों एयरबैग खुल गए थे।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शुक्रवार की शाम अम्बिकापुर-बनारस मार्ग में स्टेट बैंक के पास के ट्रांसफार्मर में तेज धमाके के साथ आग लग गई तथा ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने लगा। ट्रांसफार्मर से आग की ऊंची लपटे उठती देख राहगीरों एवं आसपास के दुकानदारों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।

शक्रवार को शाम 5.30 बजे अम्बिकापुर-बनारस मार्ग में चौक से कुछ दूरी पर स्थित स्टेट बैंक शाखा के पास सड़क किनारे विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक तेज धमाका हुआ तथा ट्रांसफार्मर जलने लगा। ट्रांसफार्मर से आग की ऊंची लपटे उठती देख आसपास में मौजूद लोग भागने लगे। खतरे को देखते हुए मार्ग से आवागमन भी बंद रहा। सूचना पर पहुंचे विद्युत कर्मियों ने किसी तरह आग को नियंत्रित किया तो आधे घंटे बाद सड़क से आवागमन प्रारम्भ हुआ। ट्रांसफार्मर जलने के कारण आसपास की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। विद्युतकर्मी दूसरे ट्रांसफार्मर से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के प्रयास में जुटे है। कार्यपालन अभियंता एसपी कुमार ने बताया कि विद्युत लोड को नियंत्रित करने पांच महीने पूर्व ही अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया गया था। चिड़ियों के घासले अथवा अन्य किसी कारण से स्पार्किंग होने के कारण आग लगने की संभावना है। शनिवार को जले ट्रांसफार्मर को बदला जाएगा। फिलहाल क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू करने की पहल की जा रही है।



# रेलकर्मी के सूने आवास में चोरी, नकद व गहने ले गए चोर

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल बिश्रामपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में चोरों की बढ़ी सक्रियता ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है, रोज एक के बाद एक चोरी की घटनाओं ने पुलिस के नाक में दम कर रखा है। बताया गया कि रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर से लगी रेलवे कॉलोनी में रहने वाले चाभीदार जेपी बंजारे के आवास 11/1 में अज्ञात चोरों ने बीती रात दरवाजे का कुंडा तोड़ भीतर प्रवेश कर घर को पूरे इत्मीनान से खंगाला। चोरों ने इस दौरान आलमारी का लॉक तोड़कर चांदी के जेवर सहित नगदी रकम व अन्य सामान अपने साथ ले गए।रेल कर्मी ने बताया कि पिछले आठ तारीख को सपरिवार अपने गांव बिलासपुर गए थे ,इस दौरान बाजू वाले सहकर्मी को घर को देखरेख के लिए बोला था ,यहाँ पर अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात घर का ताला तोड़ भीतर प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।



## पेज 1 का शेष

### चोरी करने वाले ...

किया गया है। प्रकरण में अन्य 2 आरोपी फरार है, जिनकी निरंतर पतासाजी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी राकेश भारती का थाना बैकुंठपुर में भी पूर्व में चोरी का आपराधिक रिकार्ड रहा है। पूर्व से चोरी में फरार चल रहा आरोपी पुलिस गिरफ्त में- मामले में थाना के एक अन्य अपराध क्रमांक 160/23 धारा 457, 380, 411, 34 भादवि में कटकोना थाना पटना के प्रार्थियां पार्वती पति स्व. जदुनाथ निवासी कटकोना के यहां से सोने व चांदी की ज्वेलरी एवं रूपए की चोरी के प्रकरण में पूर्व में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था, तथा एक अन्य फरार आरोपी ऋषि रौतिया जिसे पकड़ने में कोरिया पुलिस को सफलता मिली है। फरार आरोपी को 18 मई को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार इस पुराने प्रकरण में भी निकाल संभव हो पाया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना पटना में धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में फरार आरोपियों की निरंतर पतासाजी जारी है।

### ग्रीष्मकाल में परिषद ...

सार्वजनिक प्याउ की व्यवस्था की गई है,ताकि झुलसती गर्मी में शीतल पेयजल की आवश्यकता होती है, जो सार्वजनिक प्याउ की व्यवस्था करके नगर में आने वाले राहगीर एवं नगरवासी शीतल पेयजल से अपनी प्यास बुझा सकेंगे। सार्वजनिक प्याऊ के नियमित संचालन की देखरेख सभापति रवि सिंह, जितेन्द्र चौहान, रंजीत वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जा रहा है। प्याऊ व्यवस्था सुचारू रूप से चलता रहे। इसके लिए नल-जल विभाग के कर्मचारी व परिषद के अन्य कर्मचारी अनुरूद्ध दाहिया ,उत्तम कोल, विजय यादव, प्रशांत केशरवानी, विक्रम सिंह,अखिलेश सिंह परिहार, सत्येन्द्र चौहान, विपिन दुबे, गौरव महाता, अमित जायसवाल, पार्षद पति राजेन्द्र महरा, योगेन्द्र पालीवाल का सहयोग मिलता रहता है।

### किराएदार ने ही की बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर निवासी अजय गुप्ता थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्रापानी में रहता है। युवक की बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजी 0121 घर के बाहर गली में खड़ी थी। इस दौरान 17 से 21 मार्च के बीच युवक की बाइक चोरी हो गई। बाइक चोरी के मामले में युवक द्वारा पुलिस से शिकायत की गई थी। इस दौरान पुलिस द्वारा जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जब युवक के मकान में रहने वाले पवन गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### बीमारी से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रहे युवक ने शुक्रवार को घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत रमेशपुर निवासी 35 वर्षीय संतोष यादव पिता स्व.बलदेव पिछले एक वर्ष से अस्वस्थ्य चल रहा था। बीमारी से तंग आकर युवक ने शुक्रवार की सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द करते हुए मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।













